लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन–2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक:BRLPS/Estt/LSBA/05/16/08 दिनांक: 03.04.2017

प्रेषक,

बालामुरूगन डी. , भा0प्र0 से0,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज विभाग,
पटना, बिहार।

विषय :खुले में शौच से मुक्त ग्राम पंचायतो को पंचायती राज विभाग के अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता के संबंध में |

महोदय,

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत चलाये जा रहे "खुले में शौच से मुक्त" अभियान को राज्य सरकार द्वारा एक निश्चय "शौचालय निर्माण घर का सम्मान" के रूप में शामिल किया गया है | साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि खुले में शौच से मुक्त ग्राम पंचायतों को अन्य योजनाओं के क्रियान्यवन में प्राथमिकता दी जायेगी |

उपरोक्त निर्णय के आलोक में राज्य के 330 खुले में शौच से मुक्त ग्राम पंचायत को प्राथमिकता के आधार पर पंचायती राज विभाग द्वारा 620 करोड़ की राशि कर्णाकित की गयी है |

उपरोक्त के संबंध में अनुरोध है कि कर्णाकित राशि को खुले में शौच से मुक्त ग्राम पंचायतों द्वारा क्रियान्यवन से पूर्व दो शर्ते निर्धारित की जाए जो निम्न है -

(क) ग्राम पंचायत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किये जाने के उपरांत इस संबंध में सम्पूर्ण सूचना IMIS पर भी अधतन किया जाना आवश्यक है |

(ख) ग्राम पंचायत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किये जाने के उपरान्त ग्राम पंचायत स्तर पर शत प्रतिशत खुले में शौच से मुक्त का सत्यापन विभागीय पत्रांक 107/सी. दिनांक 08.11.2016 के आलोक में कर तथा IMIS में अधतन एवं सत्यापन प्रतिवेदन जिला एवं राज्य कार्यालय को समर्पित किया जाना आवश्यक है |

अत: अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को कर्णाकित राशि से क्रियान्यवन से पूर्व उपरोक्त दो शर्तों को अनिवार्य रूप से अनुपालन करने हेतु निदेशक देने की कृपा करें |

विश्वासभाजन,

03/04/17

(बालामुरूगन डी.)

प्रतिलिपि– सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ |

प्रतिलिपि– सचिव, पंचायती राज विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ |

प्रतिलिपि– राज्य सूचना केंद्र, पटना को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के वेबसाइट पर अपलोड हेतु प्रेषित |

प्रतिलिपि– संबंधित संचिका |